# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
**(Accredited by NAAC with Grade 'A+')**
कोनी –बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) दूरभाष : (07752) 240702, 240712
www.pssou.ac.in, Email- registrar@pssou.ac.in


क्र 62/ कु.कार्या./ 2023 बिलासपुर, दिनांक 07/08/2023

## //अधिसूचना//

## मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश

विश्वविद्यालय के द्विवर्षीय (सेमेस्टर पैटर्न पर आधारित कुल 04 सेमेस्टर) **मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.)** पाठ्यक्रम के सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु प्रवेश नियमों के आधार पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है। **एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा** आवेदन फार्म प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

- **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि** – **07 अगस्त 2023, प्रातः 10:30 बजे से**
- **आवेदन की अंतिम तिथि** – **30 अगस्त 2023 (रात्रि 12 बजे तक)**
- **प्रवेश पत्र डाउनलोड प्रारंभ होने की तिथि** – **04 सितम्बर 2023 प्रातः 10:30 बजे से**
- **एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा** – **10 सितम्बर 2023 समय–11 से 01 बजे तक (संभावित)**
- **मॉडल उत्तर जारी करने एवं दावा आपत्ति** – **11 सितम्बर 2023 प्रातः 10:30 बजे से (संभावित)**
- **आपत्ति Email- mbapssou2023@gmail.com के माध्यम से आवेदन 11 सितम्बर 2023, प्रातः 10:30 बजे से 13 सितम्बर 2023, रात्रि 12:00 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे।**
- **परीक्षा परिणाम घोषणा** – **15 सितम्बर 2023 (संभावित)**
- **श्रेणीवार प्रावीण्यता सूची पर दावा आपत्ति Email- mbapssou2023@gmail.com के माध्यम से आवेदन 15 सितम्बर 2023, प्रातः 10:30 बजे से 16 सितम्बर 2023, रात्रि 12:00 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे।**
- **अंतिम प्रावीण्यता सूची का प्रकाशन** – **18 सितम्बर 2023**
- **प्रवेश अंतिम तिथि** – **30 सितम्बर 2023 *(संभावित)***

नोट :–

(1) प्रवेश परीक्षा विवरणिका, परीक्षा से सम्बन्धित नियम/निर्देश, ऑनलाइन आवेदन हेतु संलग्न विवरणिका को ध्यान से पढ़ें साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.pssou.ac.in या www.pssou.online/portal/ पर लाग इन करें।

(2) अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय समस्त जानकारियो को ध्यान पूर्ववक पढ़कर स्पष्ट तौर से चाही गई जानकारी को भरे। क्योकि यह **प्रवेश परीक्षा सह काउंसलिग पंजीयन आवेदन फार्म है इसके पश्चात् उपरोक्त अभ्यार्थियो से काउंसलिग फार्म पृथक से नहीं भराया जायेगा।**

(3) उपरोक्त दी गई तिथि एवं समय संभावित है उसमें परिवर्तन संभव है।

(4) परीक्षा परिणाम घोषणा के पश्चात् ऑनलाइन/फेस–टू–फेस काउंसलिग प्रक्रिया की सूचना वेबसाइट पर प्रदान की जावेगी।

(5) उपरोक्त उल्लेखित तिथियो में परिवर्तन सम्भव है। निश्चित तिथि एवं जानकारी प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट का **सतत् अवलोकन करते रहें।**

(6) **एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा** में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में से अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवेश में वरीयता दी जायेगी।

(7) वर्तमान समय में कोविड–19 महामारी को ध्यान रखते हुये शासन द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों का पालन करते हुये प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जावेगा।

(8) यदि कोविड – 19 के कारण एम.बी.ए. की प्रवेश परीक्षा नहीं हो पाती है तो उन परिस्थितियो में इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश अर्हकारी परीक्षाओं में प्राप्त अकों के आधार को मानक मान कर प्रावीण्य सूची का निर्माण किया जाएगा। प्रावीण्य सूची बनाने के नियम से संबंधित समिति द्वारा प्रवेश मानक अनुमोदित किया गया है। जो इस प्रकार हैः–

**कोरोना के कारण प्रवेश प्रक्रिया न होने की स्थिति में एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा : प्रावीण्य सूची हेतु नियम :–**

8.1 **एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा** हेतु अर्हकारी परीक्षा स्नातक पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी के प्राप्तांक के प्रतिशत आधार पर प्रावीण्यता सूची तैयार की जाएगी तथा इसी सूची के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा।

**कुलसचिव**

पृ.क्रं./63/ कु.कार्या./2023 बिलासपुर,दिनांकः07/08/2023

प्रतिलिपिः–

1 माननीय राज्यपाल के प्रमुख सचिव,राजभवन,रायपुर।
2 सचिव छ.ग.शासन,उच्च शिक्षा विभाग,रायपुर को सूचनार्थ।
3 आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय,रायपुर को सूचनार्थ।
4 कुलपति के निज सचिव को कुलपति जी को सूचनार्थ।
5 सर्वर यूनिट शाखा प्रभारी को सूचनार्थ।
6 परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
7 वित्ताधिकारी को सूचनार्थ।
8 क्षेत्रिय समन्वयक रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर,जगदलपुर,अम्बिकापुर को सूचनार्थ।
9 प्रभारी.........................................................विभाग को सूचनार्थ।
10 संपादक दैनिक............................................ को अधिसूचना, अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के सभी संस्करणों में समाचारवत के रुप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
11 वेबसेल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करे।
12 कार्यालय प्रति

**कुलसचिव**

# एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा हेतु सामान्य जानकारियाँ

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के द्वारा संचालित द्विवर्षीय (सेमेस्टर पैटर्न पर आधारित कुल 04 सेमेस्टर) **मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) प्रवेश परीक्षा/प्रवेश आवेदन फार्म प्रक्रिया से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते निम्नांकित हैं–**

## 1. परीक्षा हेतु आवेदन

**एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीयन शुल्क रू. 1000.00 (रूपये एक हजार मात्र) के साथ आवेदन ऑनलाइन भरें जायेंगे। ऑनलाइन फार्म विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। प्रवेश परीक्षा एवं कॉऊसलिंग हेतु केवल ऑनलाइन फार्म ही स्वीकार किये जायेंगे।**

## 2. पात्रता –

### 2.1 एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम हेतु पात्रता –

**ए.आई.सी.टी.ई. के मानक के अनुसार निम्नलिखित अभ्यर्थी एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा में प्रवेश पाने के पात्र होंगे –**

**2.1.1** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे।

**2.1.2** अनुसूचित जनजाति /अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा–वर्ग/ विकलांग की स्थिति में स्नातक स्तर पर न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे।

**2.1.3** ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने **CAT, XAT, MAT** आदि **M.B.A.** प्रवेश परीक्षाओं को उत्तीर्ण किया है, इसकी पात्रता अवधि एवं स्कोर के अधीन उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा लिए जा रहे प्रवेश परीक्षा में छूट रहेगी। ऐसे अभ्यर्थियों का चयन एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अन्य अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों से तैयार किए गए मेरिट सूची के आधार पर किया जावेगा।

**2.1.3** अनुसूचित जनजाति /अनुसूचित जाति /अन्य पिछड़ा–वर्ग/ विकलांग तथा अन्य ऐसे वर्ग एवं संवर्ग के लिए सीट आरक्षण छ.ग. राज्य सरकार उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार लागू होगा।

**नोटः–** ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रवेश परीक्षा/प्रवेश आवेदन फार्म प्रक्रिया में समान अंक प्राप्त किए है उनमे से अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवेश में वरियता दी जायेगी।

- ✓ परीक्षार्थी स्वयं अपनी पात्रता पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लेंवे कि एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम हेतु पात्र है। एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा परीक्षा/प्रवेश आवेदन के साथ किसी भी प्रकार की प्रमाण–पत्र, छाया–प्रति एवं मूल प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करना है। सभी प्रमाण–पत्र प्रवेश परीक्षा में चयनित होने के पश्चात् प्रवेश प्रक्रिया के समय सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान उपलब्ध कराने होगें। सत्यापन के समय यदि प्रमाण–पत्र गलत पाया जाता है तो गलत जानकारी देने के कारण उसे प्रवेश से वंचित किया जायेगा। प्रवेश के पश्चात् यदि कोई प्रमाण–पत्र गलत पाया जायेगा तो उसे निरस्त किया जायेगा तथा कोई भी शुल्क वापस नही किया जायेगा।
- ✓ अतः अभ्यर्थी अपनी समपूर्ण जानकारी आवेदन पत्र में चाही गयी अनुसार सत्य एवं स्पष्ट तौर पर भरें, चूकि आपके आवेदन पर आपके द्वारा दी गयी जानकारी को सत्य एवं अंतिम मानते हुये आगे की प्रक्रिया की जायेगी बाद में उस पर किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नही होगा।



HOD, MANAGEMENT
Pandit Sundarlal Sharma (Open) University
Chhattisgarh, Bilaspur

DIRECTOR
CIQA, PSSOU, C.G.

## 3. कार्यक्रम में प्रवेश

**3.1** एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम की 1000 सीटों पर प्रवेश के लिए पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर प्रवेश परीक्षा आयोजित/प्राविण्य सूची निर्माण करेगा। प्रवेश नियमों के आधार पर इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय, नियमानुसार रैंकिंग **(Ranking)** सूची घोषित करेगा और केवल इसी सूची के आधार पर ऑन–लाइन/फेस–टू–फेस काऊन्सिलिंग के द्वारा प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के परीक्षा परिणाम एंव काऊन्सिलिंग प्रक्रिया की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट **(www.pssou.ac.in)** पर प्रदर्शित कियें जावेंगे। काऊन्सिलिंग की सूचना केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही जारी की जायेगी अतः परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरान्त लगातार विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें। उल्लेखनीय है कि प्रवेश परीक्षा की अंक–सूची परीक्षार्थी को नहीं भेजी जायेगी। यह केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही जारी किया जायेगा।

**3.1.1** यदि किसी आपात कारणों से विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन नही किया गया तब प्रवेश हेतु वि.वि. द्वारा जारी वैकल्पिक नियम लागू होगें तथा उस नियम एवं शर्तो के आधार पर ही अभ्यर्थियों की रैकिंग **(Ranking)** कर प्रावीण्य सूची जारी की जावेगी।

## 4. एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम संचालन हेतु प्रस्तावित अध्ययन केन्द्र –

एम.बी.ए. पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय मुख्यालय पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में संचालित होगा। काउंसलिंग के पश्चात सभी छात्रों को विश्वविद्यालय मुख्यालय पर ही पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त होगा।

## 5. कार्यक्रम शुल्क

### 5.1 एम.बी.ए.

एम.बी.ए. कार्यक्रम के शुल्क निम्नांकित हैं–

| | |
|---|---|
| प्रति सेमेस्टर पाठ्यक्रम शुल्क | रू. 9,800.00 |

- उपरोक्त वर्णित शुल्क प्रथम वर्ष में प्रवेश के समय तथा द्वितीय वर्ष में प्रवेश के समय देय होगें। शुल्क में बदलाव की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना ही मान्य होगी।
- उपरोक्त शुल्क पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं पाठ्यसामाग्री हेतु निर्धारित है तथा अन्य दत्तकार्यो हेतु आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था विद्यार्थियो को स्वयं करना होगा।

## 6. परीक्षा का माध्यम

- एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा के प्रश्न हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यम में होगें। किंतु पाठ्यक्रम में प्रवेश उपरांत अध्ययन सामग्री अंग्रेजी में उपलब्ध होगी। छात्र को सत्रीय एवं सत्रांत परीक्षा हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में देना होगा।
- कोविड–19 के कारण परीक्षा कार्यक्रम निरस्त कर वैकल्पिक नियमों के आधार पर/मेरिट के आधार पर प्रवेश सम्भव हो सकेगा।

23/08/23
HOD, MANAGEMENT
...dit Sundarlal Sharma (Open) Unirversity
Chhattisgarh, Bilaspur



DIRECTOR
CIQA, PSSOU C.G.

## 7. कार्यक्रम अवधि

एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने की न्यूनतम अवधि दो वर्ष (चार सेमेस्टर) तथा अधिकतम अवधि चार वर्ष की होगी अर्थात् प्रत्येक छात्र को प्रवेश प्राप्त होने के चार वर्ष के अंदर पाठ्यक्रम पूर्ण करना होगा । चार वर्ष पश्चात पंजीयन स्वतः ही निरस्त हो जावेगा विश्वविद्यालय के नियमानुसार पुनः पंजीयन करा सकता हैं।

## 8- आरक्षण

एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा हेतु आरक्षण की पात्रता छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा लागू नियमों के अनुसार होगी।

## 9. एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा केन्द्र हेतु निर्धारित शहर :–

परीक्षा छत्तीसगढ़ प्रदेश के निम्नलिखित 05 संभागीय मुख्यालयों (बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, अम्बिकापुर एवं जगदलपुर) में आयोजित होगी :–

प्रवेश परीक्षा उपरोक्त शहरों के परीक्षा केन्द्रों में निर्धारित समय पर संचालित की जावेगी। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार परीक्षा केन्द्र का चयन कर ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन में परीक्षा

शहर अनिवार्यतः अंकित करें। अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त परीक्षा शहर केन्द्र ही मान्य होगा।

*परीक्षार्थी संख्या पर्याप्त न होने पर परीक्षा शहर केन्द्र में परिवर्तन करने हेतु विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा।*

## 10. एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया हेतु महत्वपूर्ण निर्देश –

10.1 परीक्षा हेतु आवेदक अपनी पात्रता सम्बन्धी जाँच स्वतः कर अर्हता का निर्धारण करें। मात्र ऑन–लाइन आवेदन करने अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने से छात्र के प्रवेश की पात्रता का निर्धारण नहीं होगा। प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश, उनके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल प्रवजन प्रमाण पत्र, उपयुक्त जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन करा कर काऊंसिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने पर ही संभव होगा। प्रवेश से संबंधित किसी भी विवाद में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

नोट –विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह प्रमाण पत्रों की जाँच स्वतः करे अथवा अन्य एजेंसियों से करवाए। प्रमाण प्रत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त किया जावेगा तथा छात्र द्वारा जमा कोई शुल्क वापस नही किया जावेगा।

10.2 किसी भी परिस्थिति में प्रवेश परीक्षा/प्रवेश प्रक्रिया शुल्क वापस नहीं होगा।

10.3 यह एक प्रतियोगी प्रवेश प्रक्रिया है। अतः किसी प्रकार की विषय सूची प्रदान नहीं की जावेगी। आगामी पृष्ठों में दिए गए पाठ्यक्रम के आधार पर विषय संबंधी पृष्ठभूमि तैयार की जा सकती है।

10.4 प्रवेश परीक्षा का परिणाम या मेरिट वेबसाइट (www.pssou.ac.in) पर ही संभावित तिथि को घोषित किया जायेगा।

## 11. प्रवेश–पत्र संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी व निर्देश –

07/08/23
HOD, MANAGEMENT
Pandit Sundarlal Sharma (Open) Unirversity
Chhattisgarh, Bilaspur



07/08/23
DIRECTOR
CIQA, PSSOU, C.G.

11.1 किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र डाक से नहीं भेजा जायेगा। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.pssou.ac.in) पर दर्शित कियें जावेंगे। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

11.2 परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना प्रवेश–पत्र **"Application No."** डालकर डाउनलोड कर सकेंगे।

11.3 डाउनलोड किया गया प्रवेश–पत्र दो भाग में होगा –

भाग 1 – प्रवेश–पत्र होगा।

भाग 2 – परीक्षा उपस्थिति –पत्र होगा। भाग 1 को भाग 2 से काटकर अलग कर लेंवे तथा उपस्थिति–पत्र में परीक्षार्थी निर्धारित स्थान पर अपनी नवीनतम स्वप्रमाणित फोटो चिपकायें एवं हस्ताक्षर करें। ध्यान रखें कि भाग 2 को प्रत्येक परीक्षार्थी परीक्षा हाल में वीक्षक के पास अनिवार्य रूप से जमा करें अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा में अनुपस्थित माना जावेगा।

12. परीक्षा कक्ष में प्रवेश – अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र एवं राज्य शासन द्वारा मान्य पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करें एवं नीला/काला बाल पेन ही उपयोग करें।

12.1 प्रवेश परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ होगी। अभ्यर्थी परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लें। परीक्षा प्रारंभ होने के 20 मिनट बाद परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13. अनुचित साधन – परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर ले कि परीक्षार्थी के पास, उसकी सीट पर अथवा सीट के निकट, कोई अवांछनीय सामग्री नहीं है। अनुचित साधनों का प्रयोग में लाना दण्डनीय होगा।

14. क्षेत्राधिकार – एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा में प्रवेश से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया AICTE, UGC-DEB एवं छ. ग. राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग के समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप की गई है तथापि किसी भी तरह की आपत्ति या असहमति होने की स्थिति में माननीय कुलपति महोदय के समक्ष आपत्ति दर्ज कर सकते है। अंतिम निर्णय माननीय कुलपति जी का होगा, जो अभ्यर्थी को मान्य होगा। किसी विधि संबंधी विवाद की स्थिति में छत्तीसगढ़ के माननीय उच्च न्यायालय (बिलासपुर) के क्षेत्राधिकार तक ही सीमित रहेगा।

HOD, MANAGEMENT
Pandit Sundarlal Sharma (Open) Unirversity
Chhattisgarh, Bilaspur

DIRECTOR
CIQA, PSSOU, C.G.

# Pandit Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh

**MBA FEE STRUCTURE**

| Name of the Programme | Programme Code | Eligibility | Duration | Fee |
|---|---|---|---|---|
| Master of Business Administration | MBA | Passed Bachelor Degree of Minimum 3 years duration with at least 50% marks (45% in case of candidates belonging to reserved category) | Min: 2 Years Max: 4 Years | Rs. 19600 per year |

## Details of Fee

| Sr. No. | Particulars | 1st Semester Fee (in Rs.) | 2nd Semester Fee (in Rs.) | 3rd Semester Fee (in Rs.) | 4th Semester Fee (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Registration | 500 | 500 | 500 | 500 |
| 2 | Developmental charges | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| 3 | Tuition fee | 5000 | 5000 | 5000 | 5000 |
| 4 | SLM Development charges | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| 5 | Self-Learning Materials | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| 6 | Postage charges | 300 | 300 | 300 | 300 |
| 7 | Examination fee (TMA & TEE) | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| **TOTAL** | | **9800** | **9800** | **9800** | **9800** |
| **GRAND TOTAL** | | **39200**<br>**(Thirty-Nine Thousand Two Hundred Rupees Only)** | | | |

02/08/2023
HOD, MANAGEMENT
Pandit Sundarlal Sharma (Open) Unirversity
Chhattisgarh, Bilaspur

02/08/23
DIRECTOR
CIQA, PSSOU, C.G.

# Pandit Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh

## PATTERN AND SYLLABUS FOR THE ENTRANCE TEST (SESSION 2023-24)

| Topics | Questions | Total Duration of the Test |
|---|---|---|
| Section-A: Analytical Ability<br>1. Data Sufficiency<br>2. Problem Solving | 25 | 2 hours |
| Section-B: Mathematical Ability<br>1. Arithmetical Ability<br>2. Algebraically and Geometrical Ability<br>3. Statistical Ability | 25 | |
| Section-C: Communication Ability<br>1. Vocabulary<br>2. Business and Computer Terminology<br>3. Functional Grammar<br>4. Reading Comprehension | 25 | |
| Section - D General Knowledge (including current affairs and CG State General Knowledge) | 25 | |
| **Total** | **100** | |

**Total No. of Questions:** 100

**Total No. of Marks:** 100 (1 Marks for Each Question)

**Language:** The Question Paper is in Bilingual (English & Hindi).

**Qualifying Marks:** Qualifying marks in Entrance 2022-23 is 40 per cent. The paper pattern is Multiple Choice Question (MCQ). There are no 'Negative Marking' in the paper.

07/08/23
HOD, MANAGEMENT
Pandit Sundarlal Sharma (Open) Unirversity
Chhattisgarh, Bilaspur

7/8/23
DIRECTOR
CIQA, PSSOU, C.G.